नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 02/2021
Dt-02.01.2021

सचिव
सहकारिता विभाग
बिहार, पटना

विषयः– मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर स्थित मखाना प्रसंस्करण इकाई के पुनरूद्धार एवं विक्रय बाजार के समुचित प्रबंधन के संबंध में।

महाशया,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर में वर्ष 2008 में मखाना प्रसंस्करण इकाई स्थापित किया गया था। इकाई की स्थापना हेतु सहकारिता विभाग ने 82 लाख 72 हजार रुपये स्वीकृत राशि उपलब्ध करा दी थी तथा इकाई के संचालन का दायित्व व्यापार मंडल झंझारपुर को सौंपा गया था।

भारत की 85 प्रतिशत मखाना उत्तर बिहार के मिथिला एवं सीमावर्ती जिलों में होती है। देश में करीब 15000 हेक्टेयर में से 13000 हेक्टेयर में मखाना की खेती उत्तर बिहार के मधुबनी, दरभंगा, सहरसा, सुपौल, पूर्णियाँ, कटिहार एवं किशनगंज जिलों में होती है। इसी कारण मखाना प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की गई है।

आस–पास के क्षेत्रों में वृहद् रूप से मखाना के पैदावार की खपत के लिए यह इकाई सक्षम नहीं हो सका। इसके मूल में निम्नलिखित मुख्य कारण रहें।

1) स्थापना काल से ही इस इकाई के यंत्रों में बार–बार खराबी आना एवं उसके रख–रखाव आदि में कमी।
2) उत्पाद के विपणन के लिए समुचित व्यवस्था का अभाव क्योंकि स्थानीय बाजार के अतिरिक्त विपणन हेतु विस्तृत बाजार की व्यवस्था नहीं की गयी।
3) इकाई में पेशेवर प्रशिक्षित मानव संसाधन का भी अभाव है।

स्थानीय स्तर पर इसे चालू कराने का प्रयास किया गया लेकिन यांत्रिक गड़बड़ी के कारण सुचारू रूप से कार्य करने में सक्षम नहीं हो सका। यहाँ एक राईस मिल का परिचालन भी हो रहा था। प्रचुर मात्रा में कच्चे माल की उपलब्धता एवं इतनी बड़ी सरकारी राशि के व्यय होने के बावजूद भी मखाना उत्पादकों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

अतएव अनुरोध है की झंझारपुर मखाना प्रसंस्करण इकाई के पुनरूद्धार, विक्रय एवं कारगर प्रबंधन हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in